छठ घाटों पर रहेगा पुख्ता इंतजाम : डीएम

डीएम और एसएसपी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

पदाधिकारियों को तत्परता से कार्य करने का दिया निर्देश

पटना/संवाददाता। डीएम डॉ. चन्द्रशेखर सिंह एवं एसएसपी राजीव मिश्रा ने वरीय पदाधिकारियों के साथ गायघाट से दीदारगंज तक सभी छठ घाटों का निरीक्षण किया। साथ ही, छठ महापर्व की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने कहा कि छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं की हर सुविधा का ख्याल रखा जायेगा। सभी छठ घाटों तक आवागमन सुचारू एवं सुगम रहेगा। अधिकारियों को सुरक्षा प्रोटोकॉल एवं भीड़-प्रबंधन के अनुसार तैयारी में मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि निरीक्षण का एक राउंड पूरा हो गया है। गंगा नदी के नासरीगंज से दीदारगंज तक अनेक अच्छे घाट निकले हैं। 109 घाटों पर प्रशासन द्वारा तीव्र गति से बेहतरीन तैयारी की जा रही है। इन सभी घाटों को 21 सेक्टर में बांट कर सेक्टर पदाधिकारियों तथा सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व तथा नगर कार्यपालक पदाधिकारियों के पर्यवेक्षण में तेजी से तैयारी चल रही है। छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं के लिए हर तरह की प्रशासनिक सुविधा रहेगी। जैसे-जैसे गंगा का जल-स्तर घट रहा है वैसे-वैसे सुरक्षात्मक तथा सुविधा के दृष्टिकोण से सारी व्यवस्था की जा रही है। दीपावली के शीघ्र बाद मानकों के अनुरूप बैरिकेडिंग प्रारंभ किया जायेगा। खतरनाक घाटों को लाल कपड़ा से घेरा जा रहा है। अनुपयुक्त एवं खतरनाक घाटों पर भी दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी ताकि लोग उधर न जाएं। अधिकारियों द्वारा गायघाट से प्रारंभ कर लगभग बारह किलोमीटर की दूरी तय करते हुए दीदारगंज घाट तक निरीक्षण किया गया। डीएम एवं एसएसपी द्वारा ढ़ाई घंटा तक करीब 40 घाटों पर एक-एक कर पैदल भ्रमण किया तथा आवश्यक निर्देश दिया गया। गायघाट, कंटाही घाट, भद्र घाट, महावीर घाट, नौजर घाट, कॉलोनी घाट, दुल्ली घाट, सीढ़ी घाट, आदर्श घाट, मित्तन घाट, सीता घाट, खाजेकलां घाट, टेढ़ी घाट सहित सभी छोटे-बड़े घाटों पर पैदल चलकर डीएम ने घाटों की वर्तमान स्थिति तथा व्यवस्था का अवलोकन किया। डीएम ने कहा कि 05 नवंबर को नहाय-खाय से छठ महापर्व का अनुष्ठान हो रहा है। इससे पूर्व सभी तैयारी सम्पन्न कर ली जायेगी। सेक्टर पदाधिकारियों के 21 दल द्वारा 109 घाटों पर लगातार कैम्प कर सभी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि गंगा नदी में पानी घट रहा है। इस वर्ष छठ पूजा के दिन जल-स्तर विगत वर्ष की तुलना में लगभग एक मीटर अधिक रहने की संभावना है। गंगा के जल-स्तर में कमी एवं घाटों की भौतिक स्थिति को देखते हुए छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा सभी तैयारी की जा रही हैं। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि पानी घटने से दलदल की स्थिति उत्पन्न होती है। डीएम ने सेक्टर पदाधिकारियों तथा नगर कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सुविधा तथा सुरक्षा के दृष्टिकोण से सैण्डबैग का प्रयोग किया जाए। डीएम ने कहा कि छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए डेडिकेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान रहेगा। एप्रोच पथ सुगम एवं अवरोधमुक्त रहेगा। घाटों की बैरिकेडिंग समय से पूरी हो जायेगी।

लौह पुरुष की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस व 'एकता दौड़'

पटना/संवाददाता। बुधवार को भारत रत्न लौह पुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 'राष्ट्रीय एकता दिवस' पर प्रातः 11.00 बजे मुख्यालय प्रांगण में पूर्व मध्य रेल के जीएम छत्रसाल सिंह ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली दी। तत्पश्चात सभी उच्चाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली दी। इसके बाद जीएम ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा, अखण्डता, सुरक्षा एवं राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयास करने का आह्वान किया। इसके उपरांत पूर्व मध्य रेल मुख्यालय प्रांगण में 'एकता दौड़' का अयोजन किया गया। 'एकता दौड़' का शुभारंभ पूर्व मध्य रेल के जीएम छत्रसाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस एकता दौड़ में पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण ने भाग लिया।

बिहार सरकार

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (बी.सी.ई.सी.ई.)-2024/16 दिनांक- 30.10.2024

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2024

BCECE (PCM / PCB / PCMB)-2024 के संयुक्त मेधासूची के आधार पर सरकारी क्षेत्र के फार्मेसी धारा/ चिकित्सा धारा के पूर्ण सीटों एवं कृषि धारा के 50% सीटों पर तथा BCECE (CBA / PCA / MBA / MCA)-2024 के मेधासूची के आधार पर कृषि धारा के 50% सीटों पर सीट आवंटन / नामांकन हेतु Online Counselling से सम्बन्धित सूचना

विज्ञापन संख्या-BCECEB(BCECE)-2024/11 दिनांक 17.10.2024 एवं 2024/15 दिनांक 27.10.2024 के क्रम में बिहार राज्य के सरकारी क्षेत्र के **कृषि धारा के अन्तर्गत** BCECE (PCM/ PCB/ PCMB)-2024 तथा BCECE (CBA/ PCA/ MBA/ MCA)-2024 के 50-50% सीटों पर Online Document Verification हेतु Round-1 के Seat Allotment Result में सम्मिलित सम्बन्धित पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों / अभिभावकों / सम्बन्धित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि **College of Forestry and Environmental Sciences, Munger संस्थान में जिन अभ्यर्थियों का सीट आवंटन हुआ है,** उनके Round-1 Counselling की Document Verification / Admission की तिथि निम्नवत् विस्तारित की जाती है;

क्र.	कार्यक्रम	पूर्व निर्धारित तिथि	विस्तारित तिथि
i.	Document Verification and Admission (**1st Round**) :	26.10.2024 to 30.10.2024	26.10.2024 to 10.11.2024

2. BCECE (PCM/ PCB/ PCMB)-2024 तथा BCECE (CBA/ PCA/ MBA/ MCA)-2024 के Round-2 Online Seat Allotment Result / Counselling कार्यक्रम की सूचना बाद में प्रकाशित की जायेगी।
3. विज्ञापन संख्या-BCECEB(BCECE)-2024/11 दिनांक 17.10.2024 की शेष शर्तें एवं नियम यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक

एसबीआई और एम्स पटना के बीच एमओयू

पटना/संवाददाता। भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक केवि बंगारराजु और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के कार्यकारी निदेशक डॉ. गोपाल कृष्ण पाल ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना परिसर में भारतीय स्टेट बैंक की नयी शाखा खोलने के लिए एक व्यापक समझौते ज्ञापन पर संयुक्त हस्ताक्षर किया गया। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक, दक्षिण बिहार के महाप्रबंधक रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव और उप महाप्रबंधक, पटना जोन जोरा सिंह भी मौजूद थे। इस अवसर पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे। भारतीय स्टेट बैंक की नयी शाखा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के सभी डॉक्टरों और कर्मचारियों के साथ-साथ मरीजों को भी सभी तरह की वित्तीय बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेगी। साथ ही भारतीय स्टेट बैंक अपने डिजिटल बैंकिंग की ईपे सेवा के माध्यम से फीस का ऑनलाइन संग्रहण और एम्स के सभी कर्मचारियों के लिए कॉर्पोरेट वेतन पैकेज खाते खोलने, पीओएस मशीन के द्वारा फीस लेने आदि की सुविधा भी प्रदान करेगी। इस ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन ने उनके साथ दीर्घकालिक पारस्परिक लाभकारी संबंधों के साथ-साथ विभिन्न व्यावसायिक अवसरों का मार्ग प्रशस्त किया है।

गंगा में डूबने से नाविक की मौत

हाजीपुर/राघोपुर/संवाददाता। प्रखंड क्षेत्र के रुस्तमपुर थानान्तर्गत रुस्तमपुर-कच्ची दरगाह घाट पर गंगा नदी में डूबने से एक नाविक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार राघोपुर प्रखंड के रुस्तमपुर तीन पैरिया वार्ड 20 के इन्दल राय प्रतिदिन दूध देने नाव से कच्ची दरगाह जाता था। तबीयत खराब होने से इन्दल राय ने अपने 18 वर्षीय पुत्र बालवीर कुमार एवं रिशु कुमार को दूध रुस्तमपुर घाट से लेकर कच्ची दरगाह लेकर जाने को कहा। कच्ची दरगाह डेयरी का दूध पहुंचाने के बाद बालवीर रिशु के साथ रुस्तमपुर घाट लौट रहा था कि बीच गंगा नदी में पानी कम होने के कारण बालू का टीला निकलने के कारण नाव फंस गयी। नाव को छुड़ाने के लिए रिशु कुमार गंगा नदी में कूद कर टिके नाव को छुड़ाने लगा। बालू खोदते ही दलदल हो गयी और वह गंगा नदी में डूबने लगा। अपने छोटे भाई रिशु कुमार को डूबते देख बालवीर उसे बचाने के लिए गंगा नदी में कूद पड़ा।भाई को तो बचा लिया, लेकिन उसकी मौत हो गयी।

आइटेल ने लल्लनटॉप के साथ की साझेदारी

पटना/संवाददाता। आईटेल ने एक भव्य सांस्कृतिक उत्सव, द बिहार अड्डा के सह-प्रायोजक के रूप में लल्लनटॉप के साथ साझेदारी की। इस कार्यक्रम ने देश की कला, संगीत और सिनेमा की सबसे बड़ी सभा को एक साथ ला खड़ा किया, जिसका दर्शकों पर गहरा प्रभाव पड़ा। बहुप्रतीक्षित मेगा-इवेंट गांधी मैदान के प्रतिष्ठित बापू सभागार में हुआ और राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आईटेल इंडिया के सीईओ, अरिजीत तालापात्रा ने कहा, बिहार अड्डा कार्यक्रम के लिए लल्लनटॉप के साथ हमारी साझेदारी दर्शकों के साथ सार्थक तरीके से जुड़ने की आईटेल की प्रतिबद्धता के साथ सहजता से मेल खाती है। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम मजबूत करने के लिए एक मूल्यवान मंच प्रदान करता है। बिहार अड्डा ने बॉलीवुड आइकन और सांस्कृतिक कलाकारों की एक प्रभावशाली श्रृंखला को एक साथ लाया, जिससे उपस्थित लोगों के लिए एक शानदार माहौल तैयार हुआ। पंकज त्रिपाठी, विक्रांत मैसी, संजय मिश्रा और विनीत कुमार जैसे बॉलीवुड सितारों ने मंच पर जलवा बिखेरा, जबकि हास्य कलाकार प्रत्यूष चौबे, संगीतकार राहगीर और गायक रितेश पांडे और अनुपमा यादव की मनमोहक प्रस्तुतियों ने भीड़ को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सांई-शिवम पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता

पटना/संवाददाता। बुधवार को सांई-शिवम पब्लिक स्कूल में रंगोली, फैंसी ड्रेस एवं दीया सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन साई शिवम पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक जगदीप नारायण सिंह, चेयरमैन डॉ. विमल नारायण आर्य, प्राचार्या प्रो. पूजा कुमारी, उपनिदेशिका कमला कुमारी, कार्यालय प्रधान सिंकू कुमारी, महंत हनुमान शरण के प्रभारी प्राचार्य संजय ठाकुर, कथाकार डॉ. लालजी प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। सभी प्रकार की प्रतियोगिताओं को अपनी निगरानी में करवाया एवं जज के रूप में सभी प्रतिभागियों में टॉप स्थान प्राप्त करने वाले को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

नौबतपुर में चोरी के दौरान वृद्ध की गोली मारकर हत्या

नौबतपुर/संवाददाता। पिपलावा थानाक्षेत्र के शहररामपुर गांव में मंगलवार की रात घर में चोरी के दौरान घर में सो रहे एक अधेड़ व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। मृतक की पहचान चंद्रशेखर शर्मा के रूप में की जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस की टीम, पटना एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर पहुंची है। जहां मामले की जांच में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक चंद्रशेखर शर्मा घर में अकेले थे चोर घर में चोरी करने पहुंचा जिसका उन्होंने विरोध किया विरोध के दौरान चोरों ने पहले उन्हें पीटा और भगाने के दौरान गोली मार दी जहां उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। इधर सुबह में जब आसपास के लोग उनके घर पहुंचे तो देखा कि घर में चारों तरफ खून पड़ा है इसके बाद पुलिस को सूचना दी।

कार सवार पर अपराधियों ने की फायरिंग, बाल-बाल बचे दंपति

पटना/कार्यालय प्रतिनिधि। दिनदहाड़े बीच सड़क पर बुलेट सवार अपराधियों ने उन पर फायरिंग कर दी। इस दौरान रणधीर और उसका परिवार बाल-बाल बचा। हालांकि गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। पटना में बकाया पैसे के विवाद में दिनदहाड़े फायरिंग हुई, जिसमें थाने में शिकायत दर्ज करवाने जा रहा परिवार बाल-बाल बच गया। दरअसल, मनेर थाना क्षेत्र के दरवेशपुर गांव में दो दिन पहले बकाया पैसे को लेकर विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट की गई थी। सूचना मिलने के बाद मनेर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत करवाया गया था। पुलिस ने दोनो पक्षों को थाने में आकर लिखित शिकायत देने की बात कही थी। इसको लेकर बुधवार को दरवेशपुर गांव के एक पक्ष के रणधीर कुमार अपने परिवार के साथ लिखित शिकायत करने कार से थाना जा रहे थे। इस बीच दिनदहाड़े बीच सड़क पर बुलेट सवार अपराधियों ने उन पर फायरिंग कर दी।

फाइलेरिया उन्मूलन की कवायद तेज

हाजीपुर/लालगंज/संवाददाता। जिले के आकांक्षी ब्लॉक लालगंज के पंचायत पौड़ा मदन सिंह में फाइलेरिया उन्मूलन की कवायद तेज कर दी गयी है। इसके तहत पंचायत में बुधवार को वहां के जनप्रतिनिधि के साथ अंतरविभागीय समन्वय बैठक भी की गयी। इसके तहत फाइलेरिया रोगियों की पहचान कर स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने के लिए उन्हें फाइलेरिया के रोग प्रबंधन, दिव्यांग पहचान पत्र दिलाने के साथ पूरे पंचायत में फाइलेरिया के प्रति जागरुकता पैदा की जायेगी। पीरामल के प्रतिनिधि पीयूष कुमार ने बताया कि फाइलेरिया मुक्त पंचायत के तहत लोगों में दो बिंदुओं पर काम किया जायेगा। पहला यह कि जिन्हें फाइलेरिया हो चुका है, उनमें अपने रोग के प्रति संवेदना के साथ सामाजिक रूप से समृद्ध करना है।

केनरा बैंक में सतर्कता जागरुकता सप्ताह के तहत प्रभातफेरी

पटना/संवाददाता। केनरा बैंक के अंचल प्रमुख व महाप्रबंधक अरुण कुमार मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में अंचल कार्यालय पटना एवं क्षेत्रीय कार्यालय पटना के कर्मचारियों ने मंगलवार को सतर्कता जागरुकता सप्ताह 2024 के तहत, एक्जीविशन रोड स्थित अपने अंचल कार्यालय से गांधी मैदान तक प्रभात फेरी निकाली। कार्यक्रम में अंचल कार्यालय से उप महाप्रबंधक रंजीत चंद्रन, सहायक महाप्रबंधक अम्बा जी तुलाराम नवले, नीतीश कुमार तथा मंडल प्रबंधक सुजय कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम का मुख्य थीम 'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि' था। इसके अंतर्गत आम लोगों में सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि के विभिन्न उपायों के बारे में जागरुकता पैदा करने वाले नारे दिए गए जिससे ग्राहकों में बैंकिंग क्षेत्र में सतर्कता संबंधी जागरुकता उत्पन्न हो सके। कार्यक्रम में बैंक के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

ग्राहकों का रुपये चुरानेवाले तीन पकड़े गये

पालीगंज/संवाददाता। खुदरा करने के नाम पर ग्राहकों का रुपए चुराने वाले चोर गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार महाबलीपुर से पुलिस को सूचना मिली कि चोर गिरोह बैंक के बाहर सक्रिय है। वे ग्राहकों का पैसा खुदरा करने के नाम पर पैसा चुरा लेते हैं। मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के तीन सदस्यों बिहटा निवासी जितेंद्र कुमार, साहिल कुमार और रंजन कुमार को पैसा चुराते रंगे हाथों पकड़ लिया। पुछने पर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस तीनों लड़कों से पूछताछ कर रही है।

संदिग्ध हालत में एक व्यक्ति की मौत

फुलवारीशरीफ/संवाददाता। गौरीचक थाना के बीबीपुर गांव में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। सुबह-सुबह उसका शव देख परिवार और ग्रामीणों में कोहराम मच गया। जहां डेड बॉडी मिला है वहां रात में मृतक बैठकर शराब पी रहा था। मृतक व्यक्ति की पहचान मन्नु राम बीबीपुर के रूप में हुई है। परिवार के लोगों ने बताया कि अभी दो दिन पूर्व मन्नू राम दीपावली की खुशियां मनाने पानीपत से अपने घर गौरीचक पहुंचा था। मृतक के परिवार वाले हत्या का आरोप लगा रहे हैं। घटना के बाद पूरे गांव में तनाव की स्थिति बन गयी। स्थिति को देखते हुए गांव में भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। वहीं पुलिस इस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ भी स्पष्ट रूप से बता पाने की बात कर रही है।

दो अपराधी गिरफ्तार

हाजीपुर/संवाददाता। जिले के बराटी थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर लूट की बाइक के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अपराधी के पास से एक देसी पिस्टल, छह जिन्दा कारतूस, दो चोरी के बाइक एवं दो मोबाइल बरामद किया है। उक्त जानकारी वैशाली एसपी हर किशोर राय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। उन्होंने बताया कि बराटी थाना क्षेत्र में अपराधी द्वारा लोमा गांव स्थित ब्रह्म स्थान के पास एक व्यक्ति से 3- 4 अपराधियों के द्वारा अपाचे बाइक लूट लिया गया था। जिसमें एक टीम का गठन किया गया। टीम को गुप्त सूचना मिली कि घटना में शामिल कुछ अपराधी दीपावली, धनतेरस पर्व में दुकानदार एवं व्यापारी से लूटपाट करने के उद्देश्य से लोमा स्थित ब्रह्म स्थान के पास इकट्ठा हुए है। पुलिस ने उक्त स्थल की घेराबंदी की।

सरदार की जयंती पर 'रन फॉर यूनिटी'

पटना/संवाददाता। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 'राष्ट्रीय एकता दिवस-31 अक्टूबर' के मद्देनजर केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) पटना ने बुधवार को 'रन फॉर यूनिटी' राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ और परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि कथाकार शिवदयाल, अतिथि डॉ संजय कुमार, निदेशक अंकुर पब्लिक स्कूल, पीआईबी पटना के निदेशक आशीष लकड़ा और सीबीसी पटना के प्रमुख संजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। 'राष्ट्रीय एकता दिवस' पर सीबीसी-पीआईबी पटना के अधिकारियों, कर्मियों और स्थानीय लोगों ने 'रन फॉर यूनिटी' के तहत आशियाना-दीघा में दौड़ लगायी। राष्ट्रीय एकता दिवस पर परिचर्चा के पूर्व सभी ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कथाकार शिवदयाल ने कहा कि भारत का हर व्यक्ति सरदार पटेल का ऋणी है क्योंकि उन्होंने राष्ट्रीय एकता की जो नींव रखी, उसी का परिणाम है कि आजादी के पहले टुकडों में बंटे रियासतों को आजादी के बाद एकीकृत कर भारत को मजबूत बनाया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की ही देन है कि एक भारत श्रेष्ठ भारत में हम सांस ले रहें है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की व्यक्तिक्तव और कृतृत्व को नयी पीढी को जानना और समझना चाहिए। वहीं अंकुर पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ संजय कुमार ने कहा कि भारत के पहले गृहमंत्री और उप-प्रधानमंत्री के रूप में सरदार पटेल ने भारतीय संघ में सैकड़ों रियासतों के एकीकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी। भारतीय रियासतों के भारतीय संघ में एकीकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने और रियासतों को भारतीय संघ के साथ जुड़ने के लिये राजी करने के लिए इन्हें 'भारत के लौह पुरुष' के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल यदि नहीं होते तो आज देश की जो तस्वीर है ऐसी नहीं होती। सीबीसी पटना के प्रमुख-उपनिदेशक संजय कुमार ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि उन्होंने एक राष्ट्र की परिकल्पना के साथ कई महत्वपूर्ण बदलावों को अंजाम दिया था।

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 228ए, ए.जे.सी. बोस रोड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चौथी मंजिल, कोलकाता- 700020

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी

[नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय की सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है ।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

क्र. सं.	कर्ज़दार(रों)/ सह-कर्ज़दार(रों)/ ज़मानतदार(रों) के नाम/ ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्तियों का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है	बकाया राशि (रु. में)	सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में)	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	श्री सचिन कुमार (कर्ज़दार), श्री शिवेश कुमार (ज़मानतदार), ऋण खाता संख्या LBCAL00005450688	फ्लैट नंबर 3सी, नॉर्थ साउथ वेस्ट साइड, टॉप फ्लोर (दूसरी मंजिल), नगरपलिका परिसर नंबर 3ए, हाफिज मोहम्मद इशाक रोड, के.एम.सी. वार्ड नंबर 115, निर्धारिती नंबर 411150300038, 23/48 करुणामयी घाट रोड, पी.ओ. एवं पी.एस.- हरिदेवपुर, मौजा-सिरिटी, जे.एल. नं. 11, आर.एस. नंबर 29, तौजी नंबर 8, खतियान नंबर 170, सी.एस. दाग नंबर 691, जिला- दक्षिण 24 परगना, कोलकाता, पश्चिम बंगाल- 700082। क्षेत्रफल सुपर बिल्ट अप एरिया 600 वर्ग फीट।	रु. 24,18, 837/- (अक्टूबर 25, 2024 तक)	रु. 17,20, 000/- / रु. 1,72, 000/-	नवंबर 25, 2024 को सु. 11:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक	दिसंबर 07, 2024 को सु. 11:00 बजे से

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सझेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड,** की वेबसाइट (URL Link-https://disposalhub.com) पर संचालित होगी। बंधककर्ताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **दिसंबर 06, 2024** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन संरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता(ओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम **ई** देखें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 228ए, ए.जे.सी. बोस रोड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चौथी मंजिल, कोलकाता- 700020** में **दिसंबर 06, 2024** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज (छायाप्रति) **दिसंबर 06, 2024** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। यदि संभावित बोलीकर्ता(ओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहते हैं, तो वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 228ए, ए.जे.सी. बोस रोड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चौथी मंजिल, कोलकाता- 700020** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **दिसंबर 06, 2024** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **कोलकाता** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति निरीक्षण, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** कर्मचारी के फोन नंबर 9163343439 पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **मेसर्स नेक्सझेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें ।

तिथि : अक्टूबर 30, 2024
स्थान : पटना (बिहार)

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

Mahindra FINANCE

पंजीकृत कार्यालय: गेटवे बिल्डिंग, अपोलो बंदर, मुंबई-400 001
कॉरपोरेट कार्यालय: बी विंग, तीसरी मंजिल, अगस्ता कॉरपोरेट पार्क, पीरामल अमिटी बिल्डिंग, कमानी जंक्शन, कुर्ला वेस्ट मुंबई-400 070

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना [नियम 8(6) के अधीन]

प्रतिभूतिकरण तथा वित्तीय सम्पत्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("सरफेसी अधिनियम") के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन)नियम, 2002 के नियम 8(6) ("नियम") के प्रावधान के अधीन बैंक के समक्ष प्रभारित अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा आमतौर पर जनसाधारण तथा विशेष रूप से कर्जदार, गारंटीदाता(ओं) तथा गिरवीदाता (ओं) को सूचना दी जाती है कि महिन्द्रा एंड महिन्द्रा फाइनैंशियल सर्विसेस लि. (प्रत्याभूत ऋणदाता/एनबीएफसी) के पास गिरवी पर रखी गई/प्रत्याभूत नीचे उल्लेखित अचल सम्पत्तियों (जिसे सामूहिक रूप से सम्पत्ति कहा गया है) पर बैंक के अधिकृत अधिकारी द्वारा सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) के साथ पठित नियमों के अनुसार नीचे उल्लेखित विवरण के अनुसार कब्जा कर लिया गया है, उसे नीचे उल्लेखित बैंक के बकाया रकम साथ में उस पर ब्याज की रकम की वसूली के लिए निम्नलिखित ई-नीलामी अनुसूची के अनुसार बोलियां आमंत्रण के माध्यम से नियमों के नियम 8 एवं 9 के अनुसार जैसे है जहां है, जैसे है जो कुछ है, वहां जो कुछ है एवं बिना किसी दायित्व के आधार पर बिक्री की जाएगी।

पार्टियों, बकाया रकम एवं सम्पत्ति का विवरण

कर्जदार एवं गिरवीदाता का नाम	मांगी गई रकम, मांग सूचना की तारीख एवं कब्जा सूचना की तारीख	सम्पत्ति निरीक्षण की तारीख एवं समय	बोलियों के साथ दस्तावेज प्राप्त करने की अंतिम तारीख	ई-नीलामी की तारीख एवं समय	आरपी, ईएमडी एवं बीआईए	अधिकृत अधिकारी का नाम, सम्पर्क नं. एवं ईमेल आईडी
पवन डीलर्स प्राइवेट लिमिटेड (कर्जदार) एवं **श्रीमती प्रतिमा कुमारी** (गिरवीदाता)	**मांगी गई रकम:** **रु. 2,05,50,855/-** (रुपये दो करोड़ पां